# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), श्रावस्ती।

पत्रांक 1247 / वि–15 / 91 दिनांक :– 12.06.2026

सेवा में,

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),**
उ0प्र0 जल निगम,
6–राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– दिनांक 10.06.2026 को हिन्दुस्तान प्रकाशन में प्रकाशित विषय ''पानी टंकी का निर्माण एक साल से लटका, लोग परेशान'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 10.06.2026 को हिन्दुस्तान प्रकाशन में प्रकाशित विषय ''पानी टंकी का निर्माण एक साल से लटका, लोग परेशान'' के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड गिलौला के ग्राम पंचायत सुविखा में पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य फेज–5 के अन्तर्गत मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा वी0पी0एल0 द्वारा कराया जा रहा है जिसमें वर्तमान तक नलकूप, पम्प हाउस एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण हो चुका है, शिरोपरि जलाशय का कार्य त्रितीय ब्रेश के ऊपर तक कॉलम कास्टिंग अर्थात 37 प्रतिशत तक पूर्ण है तथा वितरण प्रणाली 18.2 कि0मी0 के सापेक्ष 11.5 कि0मी0 बिछायी जा चुकी है, गृह संयोजन 530 नग के सापेक्ष वर्तमान तक 187 नग पूर्ण कर बाई पास अरेन्जमेन्ट के माध्यम से योजना आंशिक रूप से संचालित की गयी थी परन्तु लगभग 1.5 वर्षों से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से धनाभाव के कारण कार्य बाधित था। एक सप्ताह के भीतर उक्त योजना पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए शीघ्र योजना संचालित की जायेगी, की सूचना कार्यदायी फर्म द्वारा कार्यालय को प्रेषित की गयी है।







सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

**(मोहम्मद इमरान)**
अधिशासी अभियन्ता

*पृष्ठांकन संख्या एवं तद्दिनांक*

*प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–*

1. मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।
3. जिलाधिकारी, श्रावस्ती।
4. मुख्य विकास अधिकारी, श्रावस्ती।
5. जिला सूचना, अधिकारी, श्रावस्ती।

अधिशासी अभियन्ता

Paper Katinging 2026